## महत्वपूर्ण एवं खास

### चाकू व तलवार दिखाकर आम लोगों को डराने धमकाने पर तीन गिरफ्तार, आरोपी गए जेल

**» दो नग तलवार व एक चाकू जब्त**

**रायपुर (आरएनएस)।** तलवार व चाकू लेकर विधानसभा थाना क्षेत्र में लोगों को डराने धमकाने की जुर्म में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा थाना पुलिस ने प्रयास एजुकेशन के सामने विधानसभा क्षेत्र में चाकू दिखाकर आम लोगों को डराने धमकाने की सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर पुलिस ने जाकिर अली 32 वर्ष पिता फिरोज अली को गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र में शिव मंदिर के पास ग्राम टेकारी में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने फैजल अली 33 वर्ष पिता कमाल अली को तलवार लेकर लोगों को आतंकित किए जाने की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाके थाने में रामकुटीर के पास परसूलीडीह विधानसभा क्षेत्र में बादशाह अली 21 वर्ष पिता साकिर अली को आम लोगों को तलवार दिखाकर डराने धमकाने के जुर्म में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस न आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध कायम कर जेल भेज दिया है।

### दंतेवाड़ा उपचुनाव : जनता कांग्रेस (जे) से सुमीत कर्मा उम्मीदवार घोषित

**रायपुर (आरएनएस)।** दंतेवाड़ा उपचुनाव के लिए आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने अपना प्रत्याशी घोषित करते हुए सुमीत कर्मा का नाम फाइनल कर दिया है। पार्टी प्रमुख ने एक प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) प्रमुख अजीत जोगी ने आज अपने निवास सागौन बंगले में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि पार्टी ने दंतेवाड़ा उपचुनाव के लिए सुमीत कर्मा को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है। पार्टी के लिए वे सक्रियता से काम करते आए हैं, लिहाजा पार्टी ने उन्हें योग्य उम्मीदवार मानते हुए उनका नाम फाइनल कर दिया है। अब वे अपनी सुविधानुसार नामांकन दाखिल कर देंगे।

### नशे में धुत्त दो आरक्षक निलंबित

**कोरबा (आरएनएस)।** शराब के नशे में सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद हंगामा करने वाले दोनों आरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। शुक्रवार की दोपहर कोसाबाड़ी चौक के निकट बाइक सवार व पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक दीपप्रकाश कोड़े और अवधेश कंवर ने नशे की हालत में एक अल्टो कार को ठोकर मार दिया और भागते वक्त पीजी कॉलेज के पास अनियंत्रित होकर गिर गए। इस दौरान कार सवार भी उसकी ओर पहुंचे, जिनसे वह हुज्जतबाजी करने लगे, तमाशा देख आसपास मौजूद लोग पहुंचे जिन्हें देखकर दोनों कॉलेज परिसर के अंदर घुस रहे थे। इन्हें गार्ड ने गेट पर ही रोक लिया। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी सोशल मीडिया से होते हुए पुलिस तक पहुंची। दोनों आरक्षकों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया एवं उसके पश्चात पुलिस अधीक्षक जेएस मीणा के निर्देश पर रक्षित निरीक्षक संजय साहू ने दोनों आरक्षकों को निलंबित करने की कार्रवाई की। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता इन्हें रहेगी व मुख्यालय रक्षित केन्द्र में होगा।

### प्रेम विवाह कर पत्नी की तरह रखने के बाद युवती का जेवर लेकर आरोपी हुआ फरार, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** घटारानी के मंदिर में ले जाकर एक युवती के गले में मंगलसूत्र डालकर मांग में सिंदूर भरकर प्रेम विवाह कर अपने साथ दो साल रखने के बाद आरोपी ने युवती को छोड़कर उसका जेवर लेकर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट राजेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार माइनर कालोनी अनूपपुर मध्यप्रदेश निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि महावीर नगर न्यू राजेंद्र नगर निवासी प्रकाश जोशी ने प्रार्थियां को घटारानी गरियाबंद ले जाकर गले में मंगलसूत्र डालकर मांग में सिंदूर भर प्रेम विवाह किया व बाद में कोर्ट में शादी करने का झांसा लेकर अपने साथ दो साल तक पत्नी की तरह रखने के बाद युवती का जेवर लेकर फरार हो गया। इस घटना में आरोपी के घर के सदस्य पंकज जोशी, श्रीमती आशा देवी जोशी निवासी अनूपपुर ने उसका साथ दिया। प्रार्थियां द्वारा आरोपी को फोन करके जेवर के बारे में पूछने पर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 376, 506, 34 के तहत अपराध कायम कर बलात्कार का मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी है।

# गौठान हो गए हैं गुलजार, पशुओं की आवाजाही बढ़ी

**» जिले में 88 गौठानों का हुआ है निर्माण, 10 आदर्श गौठान**



**कोरबा (आरएनएस)।** कुछ समय पहले इधर-उधर भटकने वाली गांव के मवेशियों के पास कोई निश्चित ठिकाना नहीं था, न ही पर्याप्त चारा, पानी और धूप से बचने के लिए कोई छायादार जगह थी। घर से चरने के लिए बाहर निकलते ही गायों को चारा-पानी तथा आराम के लिए भटकना पड़ता था। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा ग्राम सुराजी योजना अंतर्गत नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना के माध्यम से गांव-गांव गौठान का निर्माण किया गया। इन गौठानों में पशुओं के लिए न सिर्फ चारा, पानी की व्यवस्था की गई है। इन्हें धूप से बचाने छांव एवं बीमारी से बचाने नियमित स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की भी व्यवस्था की गई है। रात्रि में गौठानों में प्रकाश की व्यवस्था भी है। गौठानों में पशुओं के लिए की गई आवश्यक व्यवस्था एवं दी गई सुविधाओं का ही परिणाम है कि अब जिले के सभी गौठानों में नियमित रूप से पशुओं का आना-जाना शुरू हो गया है। जिले के सभी गौठान पशुओं से गुलजार होने लगे है। कोरबा जिले में कुल 88 गौठानों का निर्माण सभी पांच विकासखंड में किया गया है। कुल 10 आदर्श गौठान भी बनाये गए हैं।

कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के निर्देशन में आदर्श गौठानों एवं गौठानों का निर्माण जिले में किया गया है। इन गौठानों में पशुओं के लिए चारा, पानी, छांव, स्वास्थ्य जांच आदि की व्यवस्था की गई है। जानकारी के अनुसार 88 गौठानों में 26 हजार से अधिक मवेशियां पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक 459 मवेशी कटघोरा विकासखंड अन्तर्गत ग्राम रंजना के गौठान में पहुंच रही है। कटघोरा विकासखंड के ही ग्राम अरदा में 441, सेंद्रीपाली में 446, कोरबा विकासखंड के ग्राम पहन्दा में 408, ग्राम नकटीखार में 437, ग्राम बासीन में 448, कटबितला में 411 मवेशी पहुंच रहे हैं। गौठानों का चयन आसपास के ग्रामों में गायों की संख्या के आधार पर किया गया है। गौठानों में आने वाले पशुओं के चारा आदि की व्यवस्था के लिए चारागाह का निर्माण भी कराया गया है। नेपियर घास के अलावा पशुओं के लिए अन्य चारा की व्यवस्था की गई है। कुल 88 गौठानों हेतु 556 एकड़ से अधिक रकबा में चारागाह का निर्माण कराया गया है।


ग्राम सुराजी योजनान्तर्गत किसान बाड़ी निर्माण कर आत्मनिर्भर बनते जा रहे हैं। कोरबा जिले में 18 हजार 730 हितग्राही हैं। जिन्होंने लगभग 16 हजार 812 बाड़ी का निर्माण कर साग-सब्जी का उत्पादन कर रहे हैं। किसान उद्यानिकी विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में सब्जी का उत्पादन कर स्वयं के उपयोग के पश्चात बाजार में विक्रय कर रहे हैं। विकासखंड पोंड़ी उपरोड़ा के ग्राम भांवर के किसान बसोहर लाल एवं संतलाल ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में अपने बाड़ी में भिंडी सब्जी लगाया है।

## गुंडे बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस, 220 अपराधी गिरफ्तार

**» ऑपरेशन थंडर के तहत की गई कार्यवाही**

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में गणेशोत्सव पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिविल लाईन पुलिस ने लम्बे समय से अपराध में लिप्त गुंडे बदमाशों को गिरफ्तार कर आज उनका जुलूस निकालकर शहर में घुमाया गया। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाईन पुलिस ने ऑपरेशन थंडर चलाकर शहर में त्योहारों के आगमन को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चाकूबाजी, लूट, मारपीट जैसे अन्य घटनाओं में शामिल करीब 220 गुंडे बदमाशों को गिरफ्तार कर शहर में जुलूस निकालकर लोगों के मन से उनके प्रति डर खत्म करने के लिए घुमाया।

## घायल नक्सली ग्राम कमेटी अध्यक्ष गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की दंतेवाड़ा जिला पुलिस ने दबिश देकर एक नक्सली ग्राम कमेटी अध्यक्ष मड़कम भीमा को गिरफ्तार किया है, चूंकि वह स्वयं के बिछाए बूबी ट्रेप की चपेट में आकर घायल हो गया था अतः उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि जिला दंतेवाड़ा एवं जिला सुकमा के सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादियों के धरपकड़ हेतु संयुक्त पुलिस पार्टी गस्त सर्चिंग पर रवाना हुई थी, इसी दौरान ग्राम नागलगुड़ा में 01 माओवादी के घायल होने की सूचना पर नागलगुड़ा पहाड़ी से घायल माओवादी ग्राम कमेटी पार्टी अध्यक्ष मड़कम भीमा को गिरफ्तार कर बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में भर्ती कराया गया।

उन्होंने बताया कि घायल माओवादी वर्ष 2008 में सीएनएल कमांडर किरण के कहने पर नक्सली संगठन में संघम सदस्य के रूप में भर्ती होकर कार्य कर रहा था। वर्ष 2010 में इसे ग्राम कमेटी अध्यक्ष नागलगुड़ा बनाया गया था, तब से लेकर आज पर्यन्त तक इसी पद पर रहकर माओवादी संगठन के लिए काम कर रहा था। पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के नीयत से इसके द्वारा अपने अन्य माओवादी साथियों के साथ मिलकर नागलगुड़ा पहाड़ी क्षेत्र में गड्डा खोदकर लोहे का सरिया लगाया गया था। माह जुलाई वर्ष 2019 को पुलिस से बचने के लिए नागलगुड़ा पहाड़ी में सोने जा रहा था, इस दौरान खुद के लगाये गये सरिये के चपेट में आने के कारण पैरों में गंभीर चोटें आयी थीं, जिसका ईलाज माओवादी नागलगुड़ा के पहाड़ी में कर रहे थे। डीआरजी दंतेवाड़ा के गश्त सर्चिंग के दौरान माओवादी पुलिस पार्टी को देखकर अपने साथी को छोड़कर भाग गये। घायल माओवादी का पैर काफी सूजा हुआ एवं सड़ने की स्थिति में था, जिसे देखकर डीआरजी दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा अपने साथ लेकर दंतेवाड़ा लाया गया एवं बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में भर्ती कराया गया है।

## सीएसआर विभाग द्वारा नए विद्यार्थियों के लिएअभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

**बिलासपुर (आरएनएस)।** निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा बी.एस.पी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर - 5 में ज्ञानोदय छात्रावास के 11 वीं कक्षा के नए विद्यार्थियों हेतु अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 30 अगस्त 2019 को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मानस बिस्वास कार्यपालक निदेशक (खदान व रावघाट) भिलाई इस्पात संयंत्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में पी. के. घोष, महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) व श्रीमती स्वागता बिस्वास उपस्थित थें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मानस बिस्वास ने भिलाई को भलाई का पर्याय निरूपित करते हुये कहा कि भलाई और सामाजिक सेवा की भावना का जितना विस्तार होता है उसका प्रतिसाद उतना ही लाभप्रद होता है। संयंत्र और सी.एस.आर. टीम सदैव ग्रामीणों व हितग्राहियों के चेहरे पर मुस्कान के लिए प्रयासरत है। ग्रामीण बच्चों व भिलाई इस्पात विकास विद्यालय के बी.पी.एल. वर्ग के बच्चों के लिए विभाग सदैव प्रयासरत हैं।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात श्रीमती अताशी प्रमाणिक, उप महाप्रबंधक (सी.एस.आर.) ने अपने संबोधन में अतिथियों का स्वागत किया और विभाग के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा ज्ञानोदय छात्रावास के सुदूर वन्यांचालों व खदान क्षेत्रों के बच्चों के शैक्षणिक विकास हेतु संयंत्र द्वारा किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। इस अवसर पर आदर्श इस्पात ग्राम पहन्डोर के शासकीय हायर व मिडिल स्कुल की बाल प्रतिभाओं ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य व छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी। साथ ही महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित नाटक उस लड़की का क्या नाम है का प्रभावशाली मंचन किया। इस कड़ी में जलसंरक्षण व स्वच्छता पर आधारित नाटक जल ही जीवन का मंचन भिलाई इस्पात विकास विद्यालय सेक्टर-6 के बच्चों ने किया।

## भतीजे ने चाचा को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला

**जगदलपुर (आरएनएस)।** पिता एवं चाचा ने बेरोजगार बेटे को कामकाज करने की समझाइश दी तो बेटे को इतना नागवार गुजरा कि वह चाचा एवं पिता की हत्या पर आमादा हो गया। उसने पिता एवं चाचा पर ताबड़-तोड़ डंडे से हमला शुरू कर दिया। पिता तो किसी तरह भाग निकला किंतु चाचा की हमले से मौत हो गई।

घटना पुलिस चौकी बांसकोट के अंतर्गत ग्राम पीढ़ापाल की है, जहां सोमारू राम पिता फूल सिंह मरकाम शाम को कहीं पूजा पाठ से लौटा था। उसी वक्त उसके पिता फूल सिंह एवं चाचा साधुराम ने उसे समझाइश दी कि वह दिन भर बेरोजगार घूमता रहता है, कामकाज क्यों नहीं करता? इस पर युवक जो शराब के नशे में था, आवेश में आ गया। उसने पिता एवं चाचा से गाली-गलौज करते उन्हें डंडा से पीटने लगा। पिता तो किसी तरह भागने में कामयाब हो गया किंतु चाचा की हमले से मौत हो गई। परिजनों एवं पड़ोसियों ने घटना की जानकारी बांसकोटा पुलिस को दी।

## इस्पात फैक्ट्री के पैनल में ब्लास्ट, तीन मजदूर झुलसे

**» इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती**



**रायपुर (आरएनएस)।** उरला के एक इस्पात फैक्ट्री के पेनल में ब्लास्ट होने के चलते तीन मजदूर बुरी तरह झुलस गये है जिन्हें इलाज के लिए रायपुर के बर्न यूनिट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 8 से 9 बजे के बीच वेंक्टेश्वर इस्पात कंपनी में काम करते समय मजदूर भगवती प्रसाद, राजेंद्र चौहान, जयनारायण पांडे पेनल में ब्लास्ट होने के चलते गंभीर रूप से झुलस गए। तीनों मजदूर को कालड़ा बर्न हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना की खबर मिलते ही फैक्ट्री प्रबंधन के साथ उरला थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों मजदूरों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है।

## चन्द्रा समाज का तीज महोत्सव व चंद्र रत्न सम्मान समारोह सम्पन्न



**कोरबा (आरएनएस)।** अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए महिलाएं तीजा का व्रत रखती हैं। आज हमारे समाज की महिलायें किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नही हैं। जैसे नगर पंचायत जैजैपुर की सामान्य सीट पर समाज की महिला विजयी हुई। उक्त उदगार जैजैपुर विधायक केशव प्रसाद चन्द्रा ने सी एस ई बी कॉलोनी कोरबा पूर्व स्थित जूनियर क्लब में चन्द्रनाहू चन्द्रा समाज कोरबा द्वारा 28 अगस्त को आयोजित तीज महोत्सव एवम चंद्र रत्न सम्मान समारोह 2019 में मुख्य अतिथि की आसंदी से ब्यक्त किये। विधायक चन्द्रा ने कहा कि समाज की बेटी कुछ माह पूर्व ही डिप्टी कलेक्टर बनकर पूरे समाज को गौरवान्वित की है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अपनाकर समाज आगे बढ़ रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पाली-तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने कहा कि चन्द्रा समाज महिलाओं के सम्मान में तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ताओं को बधाई देते हुए विधायक ने कहा कि जब भी चन्द्रा समाज मुझे याद करेगा मैं आगामी समय मे कार्यक्रमो में शामिल होता रहूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष गिरधर प्रसाद चन्द्रा ने कहा कि जिस समाज मे नारी शक्ति का मान-सम्मान होता है वह समाज कभी पीछे नही रहता। समाज की बहू-बेटियां आगामी नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव में विजयी होकर प्रतिनिधित्व करते हुए समाज का नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. जे पी चन्द्रा, केंद्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी देवी चन्द्रा, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद, जनपद अध्यक्ष जैजैपुर श्रीमती जानकी सत्यनारायण चन्द्रा ने भी कार्यक्रम में स्वजातीय जनों को संबोधित किया।

## ऐक्टिंग कोर्स करने न्यू यॉर्क पहुंचीं सुहाना खान




शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान बॉलिवुड में एंट्री से पहले अपनी इस हुनर में परफेक्ट हो जाना चाहती हैं और इसीलिए अब उन्होंने न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी में कदम रखा है। बता दें कि सुहाना यहां अपना ऐक्टिंग कोर्स करने वाली हैं।

बताया जाता है कि गौरी खान ने अपनी बेटी का एक विडियो पोस्ट किया था, जिसे कुछ समय बाद ही उन्होंने डिलीट कर दिया। उन्होंने यह विडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा था, कॉलेज फ्रेशमैन डे की एक झलक सहङ्क. इस विडियो में सुहाना डेनिम शॉर्ट्स और वाइट टीशर्ट में नजर आ रही थीं। सुहाना इस विडियो मे यूनिवर्सिटी की सीढ़ियां चढ़ती नजर आ रही थीं। हालांकि, कई फैन क्लब ने इस विडियो को अपने अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें सुहाना का चेहरा नहीं नजर आ रहा।

बता दें कि सुहाना ने जहां अपनी स्कूली पढ़ाई मुंबई के धीरूभाई अंबानी स्कूल से की है, वहीं लंदन के आर्डिंगली कॉलेज से ग्रैजुएशन किया है। हाल ही में स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 स्टार अनन्या से सुहाना के डेब्यू को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें भी उनके डेब्यू का बेसब्री से इंतजार है। यह पूछे जाने पर कि सुहाना के लिए अनन्या क्या टिप्स देंगी, तो उन्होंने कहा कि सुहाना खुद ही अच्छी ऐक्टिंग करती हैं और इसलिए उन्हें ही सुहाना से टिप्स लेने की जरूरत है।

## 'ब्रह्मास्त्र' में कैमियो करेंगे शाहरूख खान!



बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर इन दिनों रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को लेकर फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' बना रहे हैं। यह धर्मा प्रोडक्शन में बन रही सबसे बड़ी फिल्म है, जिसे तीन भागों में बनाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं और इसमें अमिताभ बच्चन मौनी रॉय जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। चर्चा है कि इस फिल्म में शाहरुख खान का नाम भी जुड़ने जा रहा है। शाहरुख खान ने फिल्म 'जीरो' के बाद फिल्मों से ब्रेक लिया हुआ है। उनकी अगली फिल्म को लेकर कई रिपोर्ट्स तो सामने आई हैं लेकिन उन्होंने खुद अभी तक अपना नेक्स्ट प्रोजेक्ट अनाउंस नहीं किया है। कहा जा रहा है कि शाहरुख फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में स्पेशल अपीयरेंस देंगे। फिल्म ब्रह्मास्त्र में शाहरुख खान का एक खास कैमियो होगा, जो फिल्म की कहानी को मदद करता नजर आएगा।

'ब्रह्मास्त्र' पहले इसी साल क्रिसमस के अवसर पर रिलीज होने वाली थी लेकिन बाद में इसे पोस्टपोन कर दिया गया। अब यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग बनारस से लेकर दुनिया के कई बड़े देशों में हो रही है।

## दिल को रखना है हेल्दी तो डॉग से करें दोस्ती



कई स्टडीज में सामने आ चुका है कि पालतू जानवर का होना व्यक्ति की सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचा सकता है। अब हाल ही में अमेरिका में हुई एक रिसर्च में सामने आया है कि अगर आपके पास पातलू जानवर के रूप में डॉग है तो इससे दिल को सेहतमंद बनाए रखने में ज्यादा मदद मिलती है।

मेयो क्लिनिक प्रोसीडिंग्स- इनोवेशन, क्वॉलिटी ऐंड आउटकम्स में प्रकाशित स्टडी के लिए शोधकर्ताओं ने 1,769 लोगों पर रिसर्च की। इनमें से कोई भी पहले से दिल की बीमारी का मरीज नहीं था। इनमें उन लोगों को शामिल किया गया जिनके पास पेट्स थे और नहीं थे।

रिसर्च के दौरान इन सभी की बॉडी मास इंडेक्स, डायट, फिजिकल ऐक्टिविटी, स्मोकिंग स्टेटस, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्लूकोज और कलेस्ट्रॉल के पॉइंट्स पर मार्किंग दी गई। शोधकार्ताओं ने इसके बाद स्टडी में शामिल पेट ओनर्स की कार्डियोवस्क्युलर हेल्थ की तुलना उन लोगों से की जिनके पास पातलू जानवर नहीं थे।

इस दौरान सामने आया कि वे लोग जिनके पास पालतू जानवर थे उनकी दिल की सेहत उन लोगों के मुकाबले ज्यादा अच्छी थी जिनके पास कोई भी पेट नहीं था। खासतौर से ऐसे लोग जिनके पास पेट के रूप में डॉग था उनका दिल ज्यादा सेहतमंद पाया गया। इसके पीछे की वजह यह मानी जा रही है कि डॉग्स अन्य पालतू जानवरों के मुकाबले ज्यादा फिजिकली ऐक्टिव होते हैं जिससे उनके ओनर्स भी ऐक्टिव बने रहते हैं, यह उनकी दिल की सेहत को बनाए रखने में मदद करता है।

स्टडी के मुताबिक, डॉग के कारण मेंटल स्ट्रेस कम करने और समाज में घुलने-मिलने की समस्या भी दूर होती है।